Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway related issues of Jammu Parliamentary Constituency.

श्री जुगल किशोर (जम्मू): अध्यक्ष महोदया जी, मुझे आपने जम्मू, अख्नूर, सुन्दरवनी, नौशेरा, राजौरी और पूंछ क्षेत्र के लोगों की मांग उठाने का मौका दिया, धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं, वहां के लोगों की सत्तर सालों से एक डिमांड थी कि जम्मू से पूंछ तक रेल लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाए, वहां रेल लाइन बिछे और रेल पहुंचे। पूंछ और राजौरी के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का पलायन शहरों की तरफ हो रहा है, वह भी न हो, आर्मी को भी इसकी जरूरत है। अब सर्वे कम्पलीट हो चुका है, जम्मू से पूंछ तक सर्वे कम्पलीट है। अब उस पर काम लगाने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूं कि जल्द से जल्द जम्मू से पूंछ तक रेल लाइन बिछाने का शुरू किया जाए। इसके लिए फंड उपलब्ध कराया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जुगल किशोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।